



नवभारत 08
ग्वालियर, शुक्रवार, 14 नवम्बर, 2025





# कलेक्ट्रेट पर बीएसपी का हंगामा, तीन घंटे तक चला प्रदर्शन

**कलेक्टर से मुलाकात पर अड़े रहे कार्यकर्ता, गुरुवार शाम पांच बजे 10 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर से मुलाकात कर राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन**

नवभारत न्यूज

**भिण्ड, 13 नवम्बर।** बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) ने गुरुवार को जिला कलेक्ट्रेट परिसर में प्रशासन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने करीब तीन घंटे तक कलेक्ट्रेट गेट पर धरना देकर नारेबाजी की और कलेक्टर किरोड़ी लाल मीणा से मिलने की मांग पर अड़े रहे। बीएसपी कार्यकर्ताओं ने कहा कि जब तक कलेक्टर स्वयं ज्ञापन नहीं लेंगे, तब तक प्रदर्शन जारी रहेगा। स्थिति को शांत करने में प्रशासनिक अमले को काफी मशक्कत करनी पड़ी।

**कलेक्टर से मुलाकात की जिद पर अड़े कार्यकर्ता :** गुरुवार दोपहर बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ता पूर्व विधायक संजय सिंह उर्फ संजू सिंह के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कलेक्ट्रेट पहुंचे। वे राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपने आए थे, जिसमें जिले में कमजोर वर्गों पर अत्याचार रोकने, किसानों की समस्याओं के समाधान और पीड़ितों को न्याय दिलाने जैसी मांगें शामिल थीं। एडीएम लक्ष्मीकांत पांडे मौके पर पहुंचे और कार्यकर्ताओं से ज्ञापन लेने का प्रयास किया।

उन्होंने कहा कि वे ज्ञापन कलेक्टर की ओर से स्वीकार कर लेंगे, लेकिन प्रदर्शनकारियों ने इसका विरोध किया और कहा कि ज्ञापन केवल कलेक्टर को ही दिया जाएगा। कलेक्टर किरोड़ी लाल मीणा उस समय वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में व्यस्त थे। जब यह बात प्रदर्शनकारियों को बताई गई तो वे और भड़क गए और कलेक्टर गेट के सामने ही बैठ गए। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने मुर्दाबाद जैसे नारे लगाकर विरोध जताया। करीब दो घंटे तक स्थिति तनावपूर्ण बनी रही। मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया ताकि किसी अप्रिय स्थिति से निपटा जा सके।

**एसडीएम ने पहुंचकर संभाली स्थिति :** करीब साढ़े चार बजे एसडीएम अखिलेश शर्मा मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से बातचीत की। उन्होंने पूर्व विधायक संजीव सिंह एवं अन्य नेताओं से शांति बनाए रखने की अपील की। लगभग तीन घंटे चले हंगामे के बाद प्रशासन के समझाने पर प्रदर्शन समाप्त हुआ और शाम पांच बजे 10 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा।

**पूर्व विधायक संजीव सिंह का बयान :**पूर्व विधायक संजीव सिंह ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी की लड़ाई किसी व्यक्ति या समाज से नहीं बल्कि व्यवस्था के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि जब-जब अत्याचार होगा, तब-तब बहुजन समाज के लोग एकजुट होकर संघर्ष करेंगे। अगर हमारी मांगें शीघ्र नहीं मानी गईं तो जिले में एक विशाल प्रदर्शन किया जाएगा।

प्रशासन ने ली स्थिति की जानकारी : एडीएम लक्ष्मीकांत पांडे ने कहा कि ज्ञापन में उल्लिखित मांगों पर शासन को अवगत कराया जाएगा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। कलेक्टर किरोड़ी लाल मीणा ने प्रदर्शन समाप्त होने के बाद प्रतिनिधि मंडल से मुलाकात कर उन्हें आश्वस्त किया कि सभी बिंदुओं पर विधि-सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

### ज्ञापन में रखी गई मुख्य मांगें

- ज्ञापन के माध्यम से बीएसपी कार्यकर्ताओं ने भिंड जिले में एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक वर्गों पर हो रहे अत्याचारों को रोकने की मांग उठाई।
- भिंड जिले में कमजोर वर्गों पर हो रहे अत्याचार, हत्याओं और अमानवीय घटनाओं पर कड़ी रोक लगाई जाए।
- सुरपुरा के अजुद्धपुर में हुई वारदात के आरोपियों पर एनएसए लगाकर सख्त कार्रवाई की जाए।
- दबोह के रायपुरा गांव के पीड़ित परिवारों को ?50 लाख मुआवजा और एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए।
- किसानों की बर्बाद फसलों का सर्वे कर उन्हें उचित मुआवजा प्रदान किया जाए।
- आवारा पशुओं से फसलों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं।
- अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के किसानों के पुराने पट्टों को ऑनलाइन रिकॉर्ड में दर्ज किया जाए।
- दबोह टीआई द्वारा जातिसूचक शब्दों के प्रयोग की जांच कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए।

# जीवन में धर्म का साथ होना जरूरी : स्वामी अवधेशानंद

**भिण्ड, 13 नवम्बर।** जिले के दंदरौआ धाम में गुरु महाराज श्रीश्री 1008 पुरुषोत्तमदास महाराज महंत बाबा की पुण्य स्मृति में 29वां वार्षिक महोत्सव में महामंडलेश्वर मंहत रामदास महाराज के सानिध्य में श्रीमद्वाल्मीकीय रामायण पर आधारित श्रीराम कथा का आयोजन चल रहा है।

कथा के पांचवें दिन कथा व्यास अनन्तश्रीविभूषित जूनापीठाधीश्वर आचार्य महामण्डलेश्वर पूज्यपाद स्वामी अवधेशानन्द गिरि महाराज ने कहा कि मनुष्य के लिए महापुरुषों के मार्ग संगति में गुरु द्वारा आदेशित मार्ग या भागवत संबंध मार्ग पर चलना भगवान की कृपा से ही होता है यदि हम महापुरुषों के साथ सत्संग में पहुंच जाए यह भी भागवत अनुग्रह है हम मनुष्य हैं हमारे अंदर भक्ति, ईश्वर आराधना भगवान को जानने की जिज्ञासा हैं यह जिज्ञासा भी भगवत कृपा से ही आती है। उन्होंने कहा कि हमारी वाणी और व्यवहार में सत्य हो तथा जीवन में धर्म का साथ हो। जब आचार्य और गुरु के प्रति श्रद्धा जागेगी, तब आप में सत्य और धर्म फलीभूत होंगे। कर्म तीन प्रकार के होते हैं संचित कर्म, प्रारब्ध कर्म और क्रियामान कर्म। और यह तीनों कर्म यज्ञकर्म, शुभकर्म, दानबल, मंत्रबल और योगबल से मिटाये जा सकते हैं। इस अवसर पर , मध्यप्रदेश शासन के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर , पूर्व मंत्री जयभान सिंह पवैया, यज्ञाचार्य रामस्वरूप शास्त्री, पं दामोदर शास्त्री, महंत रामभूषणदास महाराज खनेता, कालिदास महाराज तेजपुरा, सिद्ध रामदास महाराज उरई, रोकडिया बाबा ग्वालियर, दीनबंधुदास महाराज करहधाम, कमलदास महाराज टिकरी, प्रेमानंद जी महाराज चामुंडा मंदिर अटेर, गणेशदास महाराज दूधखो, बृजेश उपाध्याय, जलज त्रिपाठी, सुनील त्यागी, महेश चौधरी, सोनू शर्मा,नरसी दद्दा सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। लहार से दंदरौआ धाम तक की पदयात्रा लगभग 60 किलोमीटर 500 श्रद्धालुओं कांकसी मंडल के द्वारा शनिवार को दंदरौआ धाम पहुंचेगी।



# रामलीला मंचन ने किया भक्तों को भावविभोर

नवभारत न्यूज

**भिण्ड, 13 नवम्बर।** मालनपुर क्षेत्र के सब्जी मंडी परिसर में चल रही श्रीरामलीला के मंचन में बुधवार रात लक्ष्मण शक्ति, मेघनाथ वध, सुलोचना सती एवं कुंभकरण वध जैसी लीलाओं का प्रभावशाली मंचन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एलआईसी चेयरमैन बृजभूषण सिंह कुशवाह उपस्थित रहे। उन्होंने भगवान श्रीराम और लक्ष्मणजी की आरती उतारी तथा मंचन कर रहे कलाकारों का उत्साहवर्धन किया।



**कलाकारों की प्रभावशाली प्रस्तुति से गूंजा मंच :** रामलीला समिति के पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि का फूल-मालाओं से स्वागत किया। मंच पर कलाकारों ने जिस भावपूर्ण ढंग से लक्ष्मण शक्ति, मेघनाथ वध और सुलोचना सती जैसी लीलाओं का प्रदर्शन किया, उससे पूरा वातावरण भक्ति और उत्साह से भर उठा। दर्शक जय श्रीराम के नारों से गूंज उठे और कलाकारों की प्रस्तुतियों पर तालियों की गड़गड़ाहट लगातार जारी रही।

**मेघनाथ वध की लीला ने मोहा दर्शकों का मन :** मंचन के दौरान लंकापति रावण के वीर पुत्र मेघनाद और लक्ष्मणजी के बीच हुए भीषण युद्ध का दृश्य अत्यंत रोमांचक रहा। कहानी के अनुसार, लक्ष्मण महा पराक्रमी मेघनाद का वध करने की प्रतिज्ञा लेकर रणभूमि में उतरते हैं। दोनों के बीच भीषण युद्ध होता है, जिसमें अंतत: लक्ष्मण मेघनाद का वध करते हैं। लेकिन अपने प्रभु श्रीराम के आदेश का पालन करते हुए वे मेघनाद के मस्तक को भूमि पर नहीं गिरने देते।

# भिंड बायपास स्थित होटल पर बदमाशों की ताबड़तोड़ फायरिंग

नवभारत न्यूज

**भिण्ड, 13 नवम्बर।** शहर के बायपास स्थित होटल डिमांड में बुधवार रात तीन बदमाशों ने आतंक मचा दिया। पहले होटल संचालक से मुफ्त में कमरा देने की मांग की, और

**मुफ्त में रूम न देने पर संचालक से मारपीट और अपहरण की कोशिश**

जब उसने इनकार किया तो बदमाशों ने मारपीट करते हुए अपहरण की कोशिश की। रात करीब 11 बजे वे फिर लौटे और होटल पर 10 से 12 राउंड ताबड़तोड़ फायरिंग की। फायरिंग से होटल के शीशे टूट गए और दीवारों पर गोलियों के निशान साफ नजर आ रहे हैं।



घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों आरोपियों गोलू अकोड़ा, रमन भदौरिया और बब्बू श्रीवास के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की गई। पुलिस आरोपियों की तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।

**मुफ्त में रूम मांगने पर हुआ विवाद :** सिटी कोतवाली टीआई बृजेंद्र सेंगर ने बताया कि बुधवार शाम करीब 6 बजे आदतन अपराधी गोलू अकोड़ा, निवासी अकोड़ा, अपने साथियों रमन भदौरिया निवासी बिलोरा और बब्बू श्रीवास निवासी ऊमरी के साथ होटल डिमांड पहुंचा था। तीनों बदमाशों ने होटल संचालक अभिषेक सिंह राजावत से कहा कि उन्हें बिना किराए के कमरा चाहिए। संचालक ने जब मना किया तो बदमाशों ने गाली-गलौज करते हुए धमकियां दीं और बाहर बुलाकर मारपीट शुरू कर दी।

**कार में बैठाकर अपहरण की कोशिश :** होटल संचालक अभिषेक सिंह ने बताया कि तीनों बदमाश मुझे बातचीत के बहाने सड़क किनारे ले गए और कार में बैठाकर अपहरण करने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि उन्होंने मुझे बंधक बनाने की कोशिश की, लेकिन मैं किसी तरह भाग निकला और अपनी जान बचाई।

### मिसफायर हुआ, फिर लौटे और की ताबड़तोड़ फायरिंग

पहले प्रयास में जब बदमाशों ने फायरिंग की कोशिश की तो कारतूस मिसफायर हो गए और वे वहां से चले गए। लेकिन रात करीब 11 बजे वे फिर लौटे और होटल पर लगातार 10 से 12 राउंड फायरिंग की। फायरिंग की आवाज सुनकर आसपास के लोग डर के मारे घरों में छिप गए। होटल के शीशे चकनाचूर हो गए और दीवारों पर गोलियों के निशान बन गए।

# एसडीएम ने ग्राम नौधा में किया मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य का औचक निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**भिण्ड, 13 नवम्बर।** लहार विधानसभा निर्वाचन को ध्यान में रखते हुए जिले में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की गति और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए एसडीएम विजय सिंह यादव ने गुरुवार को ग्राम नौधा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बीएलओ ऐप पर मैपिंग कार्य, गणना प्रपत्र ईन्यूमरेशन फॉर्म की फीडिंग प्रक्रिया और मतदाता सत्यापन की प्रगति का बारीकी से जायजा लिया।



**स्थल पर बीएलओ से ली जानकारी और मतदाताओं से किया संवाद :** निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने मौके पर उपस्थित बीएलओ बूथ लेवल अधिकारी से विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बीएलओ ऐप में की जा रही मैपिंग और घर-घर सत्यापन की वास्तविक स्थिति की जांच की। उन्होंने आम नागरिकों से भी बातचीत कर यह जानने का प्रयास किया कि बीएलओ उनके घर आए हैं या नहीं, तथा उनसे सही तरीके से जानकारी लेकर फॉर्म भरे जा रहे हैं या नहीं। एसडीएम ने कहा कि मतदाता सूची का पुनरीक्षण एक गंभीर प्रशासनिक प्रक्रिया है, जो लोकतंत्र की जड़ को मजबूत करती है। इसलिए प्रत्येक मतदाता का नाम सही रूप में दर्ज होना अत्यंत आवश्यक है। यादव ने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों और बीएलओ को स्पष्ट निर्देश दिए कि आयोग द्वारा निर्धारित समयसीमा और दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य एक शुद्ध, त्रुटिरहित एवं अद्यतन मतदाता सूची तैयार करना है ताकि आगामी विधानसभा निर्वाचन में किसी भी मतदाता का नाम छूटे या दोहराया न जाए। उन्होंने बीएलओ को निर्देश दिया कि वे घर-घर जाकर सत्यापन करें, गणना प्रपत्र मतदाताओं को वितरित करें, और निर्धारित समय में उसे ऑनलाइन फीडिंग सिस्टम में दर्ज करें।

# भावांतर योजना से किसानों के खाते में पहुंची राहत की राशि

नवभारत न्यूज

**भिण्ड, 13 नवम्बर।** भावांतर योजना अंतर्गत प्रदेश के सोयाबीन विक्रेता किसानों के खातों में राशि अंतरण का जिला स्तरीय कार्यक्रम नवीन कृषि उपज मंडी परिसर भिंड में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधायक भिंड नरेंद्र सिंह कुशवाह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर कलेक्टर भिंड, जनपद अध्यक्ष, नगर परिषद गोरमी अध्यक्ष, एसडीएम भिंड, उप संचालक कृषि सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा देवास में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा और सुना गया। इस प्रसारण में मुख्यमंत्री ने प्रदेश के 1.33 लाख किसानों को 233 करोड़ की भावांतर योजना राशि का अंतरण किया। किसानों ने मुख्यमंत्री के इस कदम पर खुशी जाहिर की और सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया।

### किसानों को मिलेगा उचित भाव

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह ने कहा कि भावांतर योजना किसानों को उनके उत्पादों का उचित मूल्य दिलाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई यह योजना किसानों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने में अहम भूमिका निभा रही है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत सोयाबीन किसानों के खातों में सीधे राशि ट्रांसफर की जाती है, जिससे उन्हें न केवल न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) बल्कि उससे अधिक लाभ भी प्राप्त हो रहा है।

# विधायक ने जिला स्तरीय युवा उत्सव का शुभारंभ किया




नवभारत न्यूज

**भिण्ड, 13 नवम्बर।**जिले के युवाओं की प्रतिभा, संस्कृति और कला को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन कम्यूनिटी हॉल, मेला ग्राउंड भिण्ड में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक नरेन्द्र सिंह कुशवाह के मुख्य आतिथ्य एवं कलेक्टर भिण्ड किरोड़ी लाल मीना की अध्यक्षता में किया गया।

इस अवसर पर एएसपी संजीव पाठक, सीएसपी निरंजन राजपूत, एसडीओपी रविन्द्र वास्कले, खेल विभाग से रामबाबू कुशवाह, संजय पंकज, सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, गणमान्य नागरिक, छात्र-छात्राएं एवं स्थानीय कलाकार उपस्थित रहे।

**युवाओं ने दिखाई कला, संस्कृति और प्रतिभा की झलक :** कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं ग्रामीण अंचलों से आए युवा प्रतिभागियों ने अपनी-अपनी कला, संस्कृति, संगीत, नृत्य और रचनात्मक प्रतिभा का उत्साहपूर्वक प्रदर्शन किया। मंच पर प्रस्तुत गीत, नृत्य, कविता, भाषण और विज्ञान प्रदर्शनी के माध्यम से युवाओं ने समाज में सकारात्मक सोच, नवाचार और भारतीय संस्कृति के प्रति अपनी गहरी आस्था का संदेश दिया। कार्यक्रम का वातावरण पूरी तरह उत्साहपूर्ण रहा। दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाया। आयोजन में स्थानीय संस्कृति के साथ-साथ आधुनिक विचारधारा की झलक भी देखने को मिली।

### युवा उत्सव बना प्रतिभा प्रदर्शन का मंच

कार्यक्रम के समापन पर कलेक्टर किरोड़ी लाल मीना ने कहा कि युवा उत्सव केवल मनोरंजन का नहीं, बल्कि युवाओं को अपने भीतर की प्रतिभा को पहचानने और उसे समाज के सामने लाने का एक सशक्त मंच है। उन्होंने कहा कि शासन-प्रशासन सदैव ऐसे आयोजनों को बढ़ावा देने के लिए तत्पर रहेगा ताकि जिले के होनहार युवा राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन कर सकें।

# हिंदी की दिशा एवं दशा पर कार्यशाला आयोजित




नवभारत न्यूज

**मेहगांव, 13 नवम्बर।** शासकीय महाविद्यालय मेहगांव भिण्ड में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के तत्वाधान में 'हिंदी का अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य एवं राजभाषा हिंदी की दिशा एवं दशा' विषय पर एक व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ. आरके डबरिया के निर्देशन में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। काजल भदोरिया, गौरी भदोरिया एवं किरण राठौड़ ने मधुर स्वर में सरस्वती वंदना एवं आथिथ्य गीत प्रस्तुत कर वातावरण को भावपूर्ण बना दिया। कार्यक्रम का मंच संचालन प्रो. राधाकृष्णन शर्मा द्वारा किया गया। जिन्होंने सुमधुर शब्दों से कार्यक्रम को संजीव बनाए रखा। भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. गिरिजा नरवरिया ने स्वागत उद्बोधन में कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में भाषा संवेदना और सांस्कृतिक चेतना का विकास करते हैं। भारतेंदु हरिश्चंद्र ने भी भाषा की उन्नति की मनोकामना करते हुए लिखा था 'निज भाषा उन्नति अहै सब उन्नति को मूल, बिन निज भाषा ज्ञान के मिटे न हिय को सूल।।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व प्राचार्य श्री हरिश्चंद्र शर्मा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए हिंदी के अंतर्राष्ट्रीय महत्व ,उसकी वैश्विक स्वीकृति तथा राजभाषा के रूप में उसकी स्थिति पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि आज हिंदी केवल भारत की नहीं बल्कि विश्व की एक प्रमुख भाषा बन चुकी है ।जो अनेक देशों में बोली और समझी जाती है । हिंदी के प्रचार -प्रसार में प्रवासी भारतीयों, साहित्यकारों और तकनीकी माध्यमों की भूमिका पर विशेष बल दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य आरके डबरिया ने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि हिंदी हमारी सांस्कृतिक अस्मिता की ध्वजवाहक है, और इसकी समृद्धि हमारी वैचारिक आत्मविश्वास की पहचान है। हिंदी को केवल अध्ययन की भाषा न माने बल्कि व्यवहार और सृजन की भाषा के रूप में भी आत्मसात करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन प्रो. दुर्गेश गुप्ता ने करते हुए कहा यह व्याख्यान कार्यक्रम हिंदी भाषा की वैश्विक प्रासंगिकता और राजभाषा के रूप में उसकी भूमिका को समझने का एक उत्कृष्ट अवसर प्रदान करने वाला रहा इस प्रकार का आयोजन निश्चित रूप से हिंदी भाषा के प्रति छात्रों में गर्भ एवं निष्ठा की भावना को प्रबल करेगा। इस व्याख्यान कार्यक्रम में महाविद्यालय की समस्त प्राध्यापकगण, कर्मचारी एवं विद्यार्थीगण की सक्रिय भूमिका रही।।



# कलेक्टर ने खाद वितरण व्यवस्था का लिया जायजा

**भिंड, 13 नवम्बर।** जले में रबी सीजन के लिए किसानों को उर्वरक वितरण का कार्य सुचारू रूप से संचालित हो, इसके लिए कलेक्टर किरोड़ी लाल मीणा ने नवीन कृषि उपज मंडी भिंड पहुंचकर खाद वितरण एवं पर्ची वितरण व्यवस्था का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने खाद वितरण केंद्र पर पहुंचकर पर्ची वितरण की प्रक्रिया, किसानों की कतार व्यवस्था तथा उर्वरक स्टॉक की उपलब्धता की जानकारी संबंधित अधिकारियों से प्राप्त की। उन्होंने मौके पर उपस्थित किसानों से भी संवाद कर यह जाना कि उन्हें खाद प्राप्त करने में कोई समस्या या विलंब तो नहीं हो रहा है। कलेक्टर मीणा ने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसानों को समय पर और बिना किसी परेशानी के खाद उपलब्ध कराया जाए। वितरण में पूर्ण पारदर्शिता रखी जाए और किसी भी स्तर पर अनियमितता या कालाबाजारी पाए जाने पर संबंधित अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि खाद वितरण केंद्रों पर पर्याप्त स्टॉक की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए तथा किसानों को पर्ची वितरण के लिए ऑनलाइन एवं मैन्युअल दोनों माध्यमों से सहूलियत दी जाए। कलेक्टर ने किसानों से अपील की कि वे घबराकर खाद की अनावश्यक खरीद न करें, शासन द्वारा पर्याप्त मात्रा में उर्वरक जिले को उपलब्ध कराया जा रहा है।